# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

# प्रेस नोट

**दिनांक-10.11.2023**

## जिला जेल मे निरुद्ध बंदी को अवैध रूप से गांजा पहुंचाने के मामले मे अभियुक्त गोविन्दा गिरफ्तार, कब्जे से कुल 489 ग्राम अवैध गांजा बरामद।

---

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के मादक पदार्थों की अवैध बिक्री/तस्करी, अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त गोविन्दा पुत्र बुद्धू निवासी मुजफ्फरपुर भभौरा थाना चकिया जनपद चन्दौली को दिनांक-09.11.2023 को समय करीब 14.16 बजे जिला कारागार प्रवेश द्वार के बाहर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 489 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर में मु0अ0सं0-0291/2023 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**दिनांक 09.11.23 को उ0नि0 इमरान खान चौकी प्रभारी जिला जेल थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी को मुखबिरी सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मुलाकात हेतु बन्दी से मिलने आया है और उसके पास नाजायज गांजा है, उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उ0नि0 मय हमराह कर्मचारीगण व जिला जेल मुलाकाती लाइन की चेकिंग ड्युटी मे लगे कर्मचारी व जिला जेल के कर्मचारियों द्वारा मुलाकातियों की लाइन मे लगे व्यक्तियों के सामानों की सघनता से चेकिंग की जाने लगी तभी एक व्यक्ति चेकिंग को देख कर मुलाकाती लाइन से निकल कर भागने का प्रयास किया और हिकमत अमली से मौके पर पकड़ लिया गया।

**विवरण पूछताछ-** अभियुक्त गोविन्दा ने पूछताछ करने पर बताया कि मेरे दाहिने हाथ मे लटके हुए पारदर्शी पालीथीन मे जो खीरे है इनके अंदर नाजायज गांजा है, जिसको मै जिला कारागार मे निरुद्ध बंदी मनोज कुमार तिवारी को देने जा रहा रहा था इसलिए पकड़े जाने के डर से मै बन्दी मुलाकाती लाइन से हट कर भागा था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

गोविन्दा पुत्र बुद्धू निवासी मुजफ्फरपुर भभौरा थाना चकिया जनपद चन्दौली, उम्र करीब 21 वर्ष।

**<u>विवरण बरामदगी-</u>**

12 अदद कटे हुए खीरों के अंदर से पारदर्शी पालीथीन में टेप से चिपकाया गया लम्बा बन्डल बनाया हुआ कुल 489 ग्राम अवैध गांजा।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

उ0नि0 इमरान खान चौकी प्रभारी जिला जेल थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी मय हमराह हे0का0 रमाशंकर, का0 बलिराम तथा जिला जेल मुलाकाती लाइन की चेकिंग ड्युटी मे लगे म0का0 पूनम राय व जिला जेल के कर्मचारी का0 संतोष सोनकर।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त, वरुणा जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**

